# 1. भाषा और व्याकरण

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. अपने विचारों को प्रकट करने तथा दूसरों के विचारों को सुनने-समझने का माध्यम भाषा कहलाता है।
2. भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है।
3. मौखिक भाषा में हम अपने भावों और विचारों को बोलकर व्यक्त करते हैं जबकि लिखित भाषा में हम अपने भावों और विचारों को लिखकर व्यक्त करते हैं।
4. भाषा के मुख्य तीन अंग माने जाते हैं–
   1. वर्ण- वह छोटी-से-छोटी ध्वनि जिसे और खंडित नहीं किया जा सकता, अक्षर या वर्ण कहलाती है। जैसे- अ, आ, ऊ, क, ख आदि।
   2. शब्द- सार्थक वर्णों के समूह को शब्द कहते हैं। जैसे- घर, पत्र, कलम आदि।
   3. वाक्य- वे शब्द-समूह जो किसी अर्थ विशेष का बोध कराते हैं, वाक्य कहलाते हैं। जैसे- वह बाज़ार जा रहा है।
5. भाषा के क्षेत्रीय रूप को बोली कहते हैं। अवधी और ब्रज बोलियों के नाम हैं।
6. भाषा के शुद्ध उच्चारण, लेखन एवं पठन के लिए व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है।
7. व्याकरण के तीन भाग हैं– वर्ण विचार, शब्द विचार तथा वाक्य विचार।

**( ख ) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. हिंदी हमारी **राजभाषा** है।
2. भाषा को लिखने का ढंग **लिपि** कहलाता है।
3. भाषा का क्षेत्रीय रूप **बोली** कहलाता है।
4. व्याकरण का ज्ञान होने पर ही वाक्यों के **अशुद्ध** और **शुद्ध** होने का ज्ञान हो पाता है।
5. पंजाबी भाषा की लिपि **गुरुमुखी** है।

**( ग ) दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।**

1. भाषा के मुख्यतः कितने रूप हैं? (क) दो ✓
2. मुख से निकलने वाली ध्वनियों के संकेत चिह्न क्या कहलाते हैं? (घ) लिपि ✓
3. हमारे देश की कितनी भाषाओं को संविधान में मान्यता प्राप्त हुई है? (ख) 22 ✓
4. भारत की राजभाषा के रूप में किसे मान्यता प्राप्त हुई है? (ग) हिंदी ✓
5. हिंदी दिवस प्रतिवर्ष किस दिन मनाया जाता है? (घ) 14 सितंबर ✓

**कुछ करने की बारी**

**(क) दिए गए राज्यों में बोली जाने वाली भाषाएँ शब्द-जाल में से ढूँढ़कर उचित राज्य के सामने लिखिए।**

1. गुजरात — गुजराती
2. महाराष्ट्र — मराठी
3. पश्चिम बंगाल — बांग्ला
4. पंजाब — पंजाबी
5. असम — असमिया
6. तमिलनाडु — तमिल
7. केरल — मलयालम
8. कश्मीर — कश्मीरी

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | उ | क | ज | श | क्ष | म | ग | म |
| स | गु | ख | झ | ष | त्र | ल | घ | रा |
| मि | ऊ | ज | ञ | क | स | या | च | ठी |
| या | ऋ | ग | रा | ज | ह | ल | छ | प |
| अ | ए | घ | ट | ती | ज्ञ | म | श्र | फ |
| आ | ऐ | ङ | ठ | त | य | र | ल | क |
| इ | ओ | च | ड | य | बां | ग | ला | श्मी |
| पं | जा | बी | ढ | द | न | फ | प | री |
| ई | औ | छ | ण | ध | त | मि | ल | म |

**(ख) भारत तथा विश्व की पाँच-पाँच भाषाओं के नाम लिखकर बताएँ कि वे कहाँ-कहाँ बोली जाती हैं?**

| भारत की भाषाएँ | | विश्व की भाषाएँ | |
|---|---|---|---|
| **भाषा** | **स्थान** | **भाषा** | **स्थान** |
| पंजाबी | पंजाब | स्पेनिश | स्पेन |
| गुजराती | गुजरात | अंग्रेज़ी | इंग्लैंड |
| ओडिया | ओडिसा | रूसी | रूस |
| मलयालम | केरल | चीनी | चीन |
| मराठी | महाराष्ट्र | फ्रेंच | फ्रांस |

## 2. वर्ण विचार

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. हिंदी वर्णमाला में 11 स्वर और 33 व्यंजन हैं।
2. क्ष, त्र, ज्ञ, श्र चार संयुक्त व्यंजन हैं।
3. स्वरों का उच्चारण बिना किसी अन्य वर्ण की सहायता के होता है तथा व्यंजनों के उच्चारण में स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है।

**(ख) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।**

1. क्रीड़ा  क् + र् + ई + ड़् + आ
2. कृपण  क् + ऋ + प् + अ + ण् + अ
3. आशीर्वाद  आ + श् + ई + र् + व् + आ + द् + अ
4. राष्ट्रीय  र् + आ + ष् + ट् + र् + ई + य् + अ
5. विज्ञापन  व् + इ + ज् + ञ् + आ + प् + अ + न् + अ

**(ग) निम्नलिखित शब्दों में संयुक्ताक्षर या द्वित्व व्यंजन छाँटकर उनके प्रयोग से दो-दो नए शब्द बनाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. चक्की | क्क | चक्कर | शक्कर |
| 2. व्यवहार | व्य | व्यवधान | व्यवसाय |
| 3. अन्न | न्न | प्रसन्न | सन्न |
| 4. पुस्तक | स्त | स्तर | वास्तविक |
| 5. सच्चाई | च्च | उच्च | सर्वोच्च |

**(घ) निम्नलिखित वर्णों के योग से बने सही शब्द को चुनिए।**

1. न् + आ + र् + ई  (ख) नारी ✓
2. व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ  (ग) विद्यालय ✓
3. प् + उ + ज् + आ + र् + ई  (ग) पुजारी ✓
4. क् + अ + व् + इ + त् + आ  (घ) कविता ✓
5. प् + र् + अ + क् + ऋ + त् + इ  (ख) प्रकृति ✓

**(ङ) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. पुसतकालय | पुस्तकालय | 2. श्रमीक | श्रमिक |
| 3. कवियित्री | कवयित्री | 4. पत्नि | पत्नी |
| 5. श्रृंगार | शृंगार | 6. त्रीभुज | त्रिभुज |
| 7. कमर्ठ | कर्मठ | 8. आर्शीवाद | आशीर्वाद |
| 9. साथर्क | सार्थक | 10. अद्रस्य | अदृश्य |
| 11. पारीतोशिक | पारितोषिक | 12. अधययन | अध्ययन |

(च) **निम्नलिखित शब्दों पर चंद्रबिंदु (ँ) या बिंदु (ं) का प्रयोग कीजिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बंगाल | बाँसुरी | आँख | पंख |
| पाँच | गाँव | गंगा | पतंग |
| चाँद | चंदन | गंदा | मुँह |
| महँगा | बसंत | अँधेरा | प्रारंभ |

**कुछ करने की बारी**

(क) **इस वर्ग-पहेली में 16 शब्द छिपे हैं जो अनुस्वार, अनुनासिक, ऋ की मात्रा, र के रूप वाले, संयुक्त व्यंजन, द्वित्व व्यंजन एवं संयुक्ताक्षर के प्रयोग से बने हैं। उन्हें ढूँढ़िए तथा लिखिए।**

| | |
|---|---|
| अँधेरा | नक्षत्र |
| परिश्रम | गद्दार |
| राष्ट्रीयता | गाँव |
| कृपण | श्रवण |
| नम्रता | पत्र |
| उत्सर्ग | गद्दा |
| घमंड | तंग |
| कंगन | स्वर्ग |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अँ | धे | रा | प | रि | श्र | म |
| क | च | ष्ट्री | त्र | गाँ | व | न |
| छ | ङ | य | कृ | प | ण | व |
| न | म्र | ता | स्वि | तं | क | र |
| ल | उ | त्स | र्ग | ग | प | ब |
| घ | मं | ड | ग | द्दा | र | ण |
| कं | ग | न | क्ष | त्र | ढ | द |

(ख) **नीचे दिए गए शब्दों के वर्ण इधर-उधर हो गए हैं। वर्णों को सही क्रम देकर सार्थक शब्द बनाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ठ शा पा ला | पाठशाला | 2. ह् ला प्र द | प्रहलाद |
| 3. ह मे न मा | मेहमान | 4. ह म ल ज ता | ताजमहल |
| 5. ला कि ल ला | लालकिला | 6. स् ता अ ल प | अस्पताल |
| 7. द् वि या र्थी | विद्यार्थी | 8. मा त् प मा र | परमात्मा |

# 3. शब्द विचार

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।
2. शब्दों को चार भागों में बाँटा जा सकता है– उत्पत्ति के आधार पर, रचना के आधार पर, अर्थ के आधार पर तथा प्रयोग के आधार पर।
3. रूढ़ शब्द वे शब्द होते हैं जिनका प्रयोग किसी निश्चित अर्थ के लिए सदा से होता आया है तथा जिनके खंडों का कोई अर्थ नहीं होता। ये शब्द किसी विशेष अर्थ के लिए रूढ़ यानि स्थिर हो गए हैं।

   यौगिक शब्द दो या दो से अधिक शब्दों के योग से मिलकर बनते हैं। इनके खंडों का अपना अलग अर्थ होता है।
4. उत्पत्ति के आधार पर शब्द हैं– तत्सम, तद्‌भव, देशज, विदेशी।
5. विकारी शब्द वे शब्द होते हैं जिनका लिंग, वचन, कारक आदि के प्रभाव के कारण परिवर्तन हो जाता है। जैसे– संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि शब्द।

   अविकारी शब्द वे शब्द होते हैं जिन पर लिंग, वचन, कारक आदि का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। ये शब्द किसी भी प्रकार के वाक्य में एक जैसे ही रहते हैं।


**(ख) सही कथन के सामने सही (✓) तथा गलत कथन के सामने गलत (✗) का चिह्न लगाइए।**

1. वर्णों का समूह शब्द कहलाता है। ✓
2. शब्दों को मुख्य चार भागों में बाँटा जा सकता है। ✓
3. एक-दूसरे के समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं। ✗
4. एक से अधिक अर्थों को प्रकट करने वाले शब्द अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं। ✓
5. संस्कृत भाषा के वे शब्द जो हिंदी भाषा में ज्यों-के-त्यों आ गए हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं। ✓
6. जो शब्द देश की क्षेत्रीय बोलियों से हिंदी में आए हैं, वे विदेशी शब्द कहलाते हैं। ✗

**(ग) नीचे दिए शब्दों में से रूढ़, यौगिक तथा योगरूढ़ शब्दों को अलग-अलग लिखिए।**

| रूढ़ | यौगिक | योगरूढ़ |
|---|---|---|
| माता | चिड़ियाघर | नीलकंठ |
| कमल | राजकुमारी | पीतांबर |
| पेड़ | जलज | देवालय |
| कुर्सी | प्रधानमंत्री | गजानन |
| लड़की | रसोईघर | दशानन |
| चित्र | पाठशाला | लंबोदर |

**(घ) निम्नलिखित तत्सम शब्दों को उनके तद्भव रूप से मिलाइए।**




**(ङ) दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।**

1. शब्दों के मुख्य **चार** भाग होते हैं।
2. समान अर्थ को प्रकट करने वाले शब्द **समानार्थी** शब्द कहलाते हैं।
3. वे वर्ण समूह जिनका कोई अर्थ नहीं होता, फिर भी भाषा में प्रयुक्त होते हैं, **निरर्थक** शब्द कहलाते हैं।
4. संस्कृत भाषा के वे शब्द जो कुछ रूप परिवर्तित कर हिंदी भाषा में प्रचलित हो गए हैं, वे **तद्भव** शब्द कहलाते हैं।
5. जिन शब्दों के रूप लिंग, वचन और कारक के अनुसार परिवर्तित हो जाते हैं, वे **विकारी** शब्द कहलाते हैं।


**(च) देशज और विदेशी शब्दों को अलग-अलग लिखिए।**

| देशज | विदेशी |
|---|---|
| खिड़की | कॉपी |
| डिबिया | थर्मामीटर |
| झोंपड़ी | डॉक्टर |
| पगड़ी | स्टेशन |

## कुछ करने की बारी

**(क) दिए गए संकेतों के आधार पर शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।**

1. इससे हम लिखते हैं।
2. जो हवाई जहाज़ उड़ाता है।
3. यह एक सब्ज़ी का नाम है।
4. इस दिन स्कूल बंद रहता है।
5. इन्हें समाचारपत्र में पढ़ते हैं।
6. जिसमें जीवन हो।
7. इसे साधु जपते हैं।




**(ख) विदेशी शब्दों के हिंदी पर्याय लिखकर एक चार्ट तैयार कीजिए।**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 4. उपसर्ग और प्रत्यय

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. वे शब्दांश जो किसी शब्द के प्रारंभ में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।
2. वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर एक नया शब्द बनाते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं।
3. हाँ, एक ही शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय का प्रयोग किया जा सकता है। जैसे– निडरता, अभिमानी आदि।

**(ख) निम्नलिखित उपसर्गों तथा प्रत्ययों की सहायता से दो-दो शब्द बनाइए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स | सफल | सहित | 2. | हर | हरएक | हरवक्त |
| 3. | नि | निडर | निठल्ला | 4. | अध | अधपका | अधखिला |
| 5. | अनु | अनुमान | अनुभव | 6. | आनी | जेठानी | देवरानी |
| 7. | आई | लिखाई | चढ़ाई | 8. | आहट | चिकनाहट | गरमाहट |
| 9. | ईला | चमकीला | रंगीला | 10. | आवट | लिखावट | मिलावट |

**(ग) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए।**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उपवन | उप | + | वन | 2. | अभिमान | अभि | + | मान |
| 3. | सरकार | सर | + | कार | 4. | सुशील | सु | + | शील |
| 5. | परिस्थिति | परि | + | स्थिति | 6. | अवकाश | अव | + | काश |
| 7. | अभिमान | अभि | + | मान | 8. | प्रबल | प्र | + | बल |
| 9. | सुलभ | सु | + | लभ | 10. | नापसंद | ना | + | पसंद |
| 11. | अज्ञान | अ | + | ज्ञान | 12. | कुपुत्र | कु | + | पुत्र |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करके लिखिए।**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पछतावा | पछताना | + | आवा | 2. | बचपन | बच्चा | + | पन |
| 3. | धार्मिक | धर्म | + | इक | 4. | शौकीन | शौक | + | ईन |
| 5. | चतुराई | चतुर | + | आई | 6. | लिखावट | लिखना | + | आवट |
| 7. | कमाऊ | कम | + | आऊ | 8. | चमकीला | चमक | + | ईला |
| 9. | सब्ज़ीवाला | सब्ज़ी | + | वाला | 10. | ईमानदार | ईमान | + | दार |
| 11. | चटनी | चाट | + | नी | 12. | सुंदरता | सुंदर | + | ता |

**(ङ) दिए गए शब्दों में से प्रयुक्त उचित उपसर्ग या प्रत्यय को चुनिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पराधीन (ख) पर ✓ | | 2. | अवगुण (ख) अव ✓ | |
| 3. | अनुकरण (घ) अनु ✓ | | 4. | मिलावट (क) आवट ✓ | |
| 5. | ईमानदार (क) दार ✓ | | 6. | घुमक्कड़ (ग) अक्कड़ ✓ | |

**(च) दिए गए शब्दों में से उपसर्ग, मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करके लिखिए।**

| | | उपसर्ग | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमानवीय | अ | मानव | ईय |
| 2. | अधार्मिक | अ | धर्म | इक |
| 3. | निर्बलता | निर् | बल | ता |
| 4. | पराधीनता | पर | अधीन | ता |
| 5. | अधिकारी | अधि | कार | ई |
| 6. | अपमानित | अप | मान | इत |
| 7. | विफलता | वि | फल | ता |
| 8. | स्वदेशी | स्व | देश | ई |
| 9. | सहभागिता | सह | भाग | इता |
| 10. | स्वतंत्रता | स्व | तंत्र | ता |
| 11. | पुनर्जीवित | पुनः | जीव | इत |
| 12. | अनुशासित | अनु | शासन | इत |
| 13. | बेरोजगारी | बे | रोजगार | ई |

**कुछ करने की बारी**

**उपसर्ग तथा प्रत्यय के योग से शब्द निर्माण कीजिए।**

**अप** – अपयश, अपकार, अपकीर्ति, अपहरण, अपवाद

**आवट** – लिखावट, थकावट, बनावट, सजावट

**अ** – अचूक, अथाह, अन्याय, अमर, अजर

**निर्** – निर्दोष, निर्भर, निर्मल, निर्गुण, निर्यात

**ईला** – चमकीला, बर्फ़ीला, सुरीला, भड़कीला

**इत** – अपमानित, सम्मानित, आलोकित, प्रमाणित, अनुमानित

# 5. शब्द भंडार

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. एक समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को समानार्थी शब्द कहते हैं।
2. शब्द भंडार में वृद्धि करने तथा भिन्न शब्दों के भिन्न अर्थों में प्रयोग को स्पष्ट करने के लिए भाषा में समानार्थी शब्द आवश्यक हैं।
3. एक-दूसरे का विपरीत अर्थ प्रकट करने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

**(ख) दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. निर्मल | पवित्र | स्वच्छ |
| 2. मूर्ख | अबोध | जड़ |
| 3. कमल | सरोज | नीरज |
| 4. आँख | नेत्र | चक्षु |
| 5. जंगल | कानन | विपिन |
| 6. ईश्वर | प्रभु | परमात्मा |
| 7. स्त्री | महिला | नारी |
| 8. कपड़ा | वस्त्र | वसन |

**(ग) कोष्ठक में दिए गए शब्दों के उचित समानार्थी शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. तालाब में सुंदर **कमल** खिले हुए हैं।
2. हमें **प्रभु** में आस्था रखनी चाहिए।
3. मुझे आसमान में उड़ते **पक्षी** अच्छे लगते हैं।
4. कल मैं अपने **घर** गया था।
5. हमें **महिला** का सम्मान करना चाहिए।

**(घ) दिए गए समानार्थी शब्द समूह में जो शब्द गलत हो, उस पर गोला लगाइए।**

1. (तीर) 2. (वसन) 3. (हस्त) 4. (भास्कर) 5. (अनल) 6. (शशि)

**(ङ) दिए गए शब्दों का एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

2. बगीचा – बगीचे में फूल खिले हैं।
3. हवा – सुबह से तेज़ हवा चल रही है।
4. ईश्वर – ईश्वर में आस्था रखो।
5. आग – गोदाम में आग लग गई।
6. पानी – हमें पानी व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए।

**(च) दिए गए शब्दों के उचित विलोम शब्द चुनिए।**

1. स्थूल (ख) सूक्ष्म ✓    2. निर्दयी (क) दयालु ✓

3. एकता (ग) अनेकता ✓ 4. नया (ग) पुराना ✓

5. घृणा (घ) प्रेम ✓

**(छ) वाक्यों में दिए रंगीन शब्दों के उचित विलोम शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. सदैव **सच** बोलो झूठ नहीं।
2. जीवन और **मरण** तो शाश्वत सत्य है।
3. आपके लिए **ठंडा** लाऊँ या गरम।
4. हमें उचित निर्णय लेना चाहिए **अनुचित** नहीं।
5. आज मैं उपस्थित हूँ परंतु वह **अनुपस्थित** है।

**(ज) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

1. शाप 2. अपठित 3. अंत 4. निर्यात 5. चढ़ाव 6. प्रतिकूल 7. अवगुण 8. भक्षक 9. अस्त 10. दानव

**(झ) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

1. पुराना – यह पुराना कपड़ा है।
2. जीत – भारत पाकिस्तान से मैच जीत गया।
3. रात – चंद्रमा की रोशनी रात को दिखाई देती है।
4. उत्तर – उसने सही उत्तर दिया।
5. बुरा – हमें बुरा नहीं सोचना चाहिए।
6. प्रेम – हमें सभी से प्रेम से बात करनी चाहिए।
7. अनादर – हमें किसी का अनादर नहीं करना चाहिए।
8. निर्धन – हमें निर्धन लोगों की मदद करनी चाहिए।
9. निराकार – ईश्वर निराकार है।

**कुछ करने की बारी**

**शब्द-जाल में दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द ढूँढ़िए।**

1. सेना – कटक
2. ईश्वर – भगवान
3. तालाब – ताल
4. पर्वत – नग
5. उद्यान – उपवन
6. कपड़ा – पट
7. पुष्प – सुमन
8. शरीर – काया
9. सिंह – केसरी
10. सरस्वती – भारती

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| थ | ल | फ | र | के | स | री | क | भा |
| प | ढ | उ | म | अ | झ | ऐ | भ | र |
| ट | प | प | ऊ | ज | ए | च | ग | ती |
| ओ | ठ | व | ब | सु | छ | ड | वा | ख |
| ता | ल | न | न | म | उ | अ | न | का |
| न | ण | ला | घ | न | थ | हं | क | या |
| रे | क | ई | र | प | त | न | द | र |
| क | ट | क | फ | य | औ | ग | ख | न |

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

भाषा को प्रभावशाली, संक्षिप्त तथा स्पष्ट बनाने के लिए कई शब्दों की जगह एक शब्द का प्रयोग किया जाता है। एक शब्द के लिए कई शब्दों के प्रयोग से भाषा बोझिल बन जाती है; अतः अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग किया जाता है।

## शिक्षण-संकेत

❖ पाठ पृष्ठ 37 पर दिए वाक्यों को पढ़वाएँ, तदुपरांत समझाएँ।

- ❖ इनके प्रयोग पर ध्यान दिलाएँ।
- ❖ पृष्ठ 38-39 पर दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द छात्रों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी छात्रों को उच्चारण का अवसर दें।
- ❖ पाठ का अभ्यास बच्चों से करवाएँ।

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करने से भाषा संक्षिप्त, स्पष्ट और प्रभावशाली बन जाती है।
2. थलचर – धरती या ज़मीन पर रहने वाला।

**(ख) नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

1. अविश्वसनीय
2. असंभव
3. नास्तिक
4. दैनिक
5. प्रशंसनीय
6. जिज्ञासु

**(ग) नीचे दिए गए एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए।**

1. ऊपर लिखा हुआ
2. जिसे भुलाया न जा सके
3. जिसका आचरण अच्छा हो
4. जो जन्म से अंधा हो
5. जिसके मन में कपट हो

**(घ) नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए उचित एक शब्द चुनिए।**

1. जो पढ़ा न गया हो (क) अपठित ✓
2. जिसे कभी बुढ़ापा न आए (ग) अजर ✓
3. जो कहा न जा सके (ख) अकथनीय ✓
4. प्रति सप्ताह होने वाला (घ) साप्ताहिक ✓
5. जो देखने योग्य हो (ग) दर्शनीय ✓


**(ङ) नीचे दिए गए एक शब्द के लिए अनेक शब्दों को चुनिए।**

1. अग्रज (क) बड़ा भाई ✓
2. अविश्वसनीय (ख) जो विश्वास के योग्य न हो ✓
3. गगनचुंबी (ग) आकाश को छूने वाला ✓
4. दुर्लभ (क) जो कठिनाई से प्राप्त हो ✓
5. आज्ञाकारी (ग) आज्ञा पालन करने वाला ✓

**कुछ करने की बारी**

**नीचे दिए गए संकेतों के आधार पर शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।**

1. जो कभी न मरे
2. बड़ा भाई
3. जो कभी बूढ़ा न हो
4. जो संभव न हो सके
5. कठिनाई से प्राप्त होने वाला
6. जिसका अंत दुखमय हो




## अनेकार्थी शब्द

हिंदी भाषा में कुछ शब्द ऐसे हैं जो किसी शब्द के अनेक अर्थ प्रकट करते हैं। ऐसे शब्दों को अनेकार्थी शब्द कहते हैं।

## शिक्षण-संकेत

- अध्यापक/अध्यापिका छात्रों को कुछ शब्द बोलें और उनसे उस शब्द के अलग-अलग अर्थ जानने का प्रयास करें।
- पृष्ठ 41-42 पर दिए अनेकार्थी शब्दों को छात्रों से पढ़वाएँ।
- सभी छात्रों को वाचन का समान अवसर दें।
- पाठ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से ही पूछें।

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. ऐसे शब्द जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं, अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं।
2. कनक – सोना, धतूरा, गेहूँ।

**(ख) वाक्यों में दिए गए रंगीन शब्दों के अर्थ लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. डंडा | सज़ा | 2. सोना (धातु) | नींद |
| 3. राज़ | प्रकार | 4. जवाब | एक दिशा |
| 5. जल | चमक | 6. मतलब | धन |

**(ग) दिए गए शब्दों के अनुचित अर्थ को पहचानकर रेखांकित कीजिए।**

1. काम – (ख) मौसम
2. नाग – (घ) बंदर
3. पतंग – (ग) चंद्रमा
4. कर – (क) कामदेव
5. पत्र – (ग) अंतर्देशीय

**(घ) दिए गए शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए।**


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. गुण | लक्षण | विशेषता | 2. बल | शक्ति | बलराम |
| 3. लाल | पुत्र | रंग | 4. अंबर | आकाश | वस्त्र |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. अंधा | नेत्रहीन | विचार-शून्य | 6. ऋण | उधार | एहसान |
| 7. क्षेत्र | खेत | मैदान | 8. रंग | वर्ण | दशा |
| 9. नग | नगीना | पर्वत | 10. मत | मत-पत्र | राय |

**कुछ करने की बारी**

**दिए गए चित्रों को पहचानकर संबंधित अनेकार्थी शब्द लिखिए।**


तीर


नाग


घन


नग

## समरूपी भिन्नार्थक शब्द

हिंदी भाषा के शब्द भंडार में बहुत-से ऐसे शब्द हैं जो सुनने में प्राय: एक जैसे लगते हैं। ऐसे शब्दों को समरूपी भिन्नार्थक या श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द कहते हैं।

## शिक्षण-संकेत

- बच्चों से शब्दों का शुद्ध उच्चारण करवाएँ।
- उन्हें दी गई परिभाषा का अर्थ समझाएँ।
- शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ 44-45 पर दिए गए समरूपी भिन्नार्थक शब्दों को छात्रों से पढ़वाएँ।
- इन शब्दों के अर्थ भी साथ में समझाएँ।
- प्रत्येक छात्र को वाचन का समुचित अवसर दें।
- पाठ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।
- अभ्यास जाँचें तथा त्रुटि होने पर यथासंभव सुधार करवाएँ।

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. ऐसे शब्द जो सुनने में एक जैसे प्रतीत होते हैं पर उनकी वर्तनी तथा अर्थ भिन्न होता है, समरूपी भिन्नार्थक शब्द कहलाते हैं।

2. समरूपी भिन्नार्थक शब्दों में हम अंतर स्पष्ट इसलिए नहीं कर पाते क्योंकि ध्वनि की दृष्टि से ये मिलते-जुलते लगते हैं।

**(ख) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दशा | स्थिति | 2. | दिन | दिवस |
| | दिशा | तरफ़ | | दीन | गरीब |
| 3. | पथ | राह | 4. | मात्र | केवल |
| | पथ्य | रोगी का भोजन | | मातृ | माता |

**(ग) कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।**

1. आज उसका परीक्षा **परिणाम** आने वाला है।
2. आज बहुत तेज़ **पवन** बह रही है।
3. एक **कंगाल** व्यक्ति मेरे द्वार पर आकर खड़ा हुआ।
4. मेरे घर के **कपाट** खुले हुए हैं।
5. सड़क पर एक **दीन** खड़ा हुआ है।

**कुछ करने की बारी**

**दिए गए शब्दों के उचित अर्थ गोले में से ढूँढ़कर लिखिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पानी | = | जल | 2. | कटि | = | कमर |
| | पाणि | = | हाथ | | कीट | = | कीड़ा |
| 3. | तरणी | = | नौका | 4. | अविलंब | = | शीघ्र |
| | तरुणी | = | युवती | | अवलंब | = | सहारा |
| 5. | अपेक्षा | = | आशा | | | | |
| | उपेक्षा | = | तिरस्कार | | | | |

# 6. संज्ञा

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान तथा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।
2. संज्ञा के तीन भेद हैं– व्यक्तिवाचक, जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा।
3. विशेष व्यक्ति, वस्तु, प्राणी तथा स्थान का नाम व्यक्तिवाचक संज्ञा होता है।

   वह संज्ञा शब्द जिससे किसी वस्तु, प्राणी या स्थान की पूरी जाति का बोध होता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।
4. जिस संज्ञा शब्द से वस्तु या व्यक्ति के मन के भाव, किसी दशा, अवस्था, स्वभाव, गुण-दोष आदि का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे– खुशी, उदारता, दुख, बुढ़ापा, कमज़ोरी आदि।

**(ख) दिए गए वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए और उनका भेद भी बताइए।**

| | |
|---|---|
| 1. रमेश पुस्तक पढ़ रहा है। | रमेश – व्यक्तिवाचक, पुस्तक – जातिवाचक |
| 2. माया वृद्धों की सेवा करती है। | माया – व्यक्तिवाचक, वृद्धों – जातिवाचक, सेवा – भाववाचक |
| 3. दिनेश बचपन में बहुत मोटा था। | दिनेश – व्यक्तिवाचक, बचपन – भाववाचक |
| 4. दादा जी को बुढ़ापा आ गया है। | दादा जी – जातिवाचक, बुढ़ापा – भाववाचक |
| 5. भगतसिंह ने आज़ादी की लड़ाई लड़ी। | भगतसिंह – व्यक्तिवाचक, आज़ादी – भाववाचक |
| 6. चिड़ियाघर में महेश ने शेर देखा। | चिड़ियाघर – जातिवाचक, महेश – व्यक्तिवाचक, शेर – जातिवाचक |

**(ग) दिए गए शब्दों के उचित भाववाचक संज्ञा रूप को चुनिए।**

| | |
|---|---|
| 1. बाल (ग) बालपन ✓ | 2. पढ़ना (घ) पढ़ाई ✓ |
| 3. अच्छा (ख) अच्छाई ✓ | 4. गिनना (ग) गिनती ✓ |
| 5. भूलना (क) भूल ✓ | 6. लंबा (ग) लंबाई ✓ |

**(घ) दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. शिशु | शैशव | 2. पशु | पशुत्व/पशुता |
| 3. मूर्ख | मूर्खता | 4. मधुर | माधुर्य/मधुरता |
| 5. माँगना | माँग | 6. सज्जन | सज्जनता |
| 7. आलसी | आलस्य | 8. सुंदर | सुंदरता |
| 9. मुसकराना | मुसकराहट | 10. हँसना | हँसी |
| 11. नम्र | नम्रता | 12. निज | निजता |
| 13. प्रवीण | प्रवीणता | 14. कायर | कायरता |
| 15. कंजूस | कंजूसी | 16. अभिमानी | अभिमान |
| 17. निडर | निडरता | 18. चमकीला | चमक |

**कुछ करने की बारी**

**गद्यांश पढ़िए और व्यक्तिवाचक, जातिवाचक एवं भाववाचक संज्ञा शब्द छाँटकर अलग लिखिए।**

| **जातिवाचक संज्ञा** | **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **भाववाचक संज्ञा** |
|---|---|---|
| गाँव, किसान | बिन्ना, फ्लोना | बात, व्यवहार |
| पुत्रियाँ, अँगूठी | सुंदरी | पसंद, आदतें |
| हार, कपड़े | | मदद, निश्चय |
| दिन, शहर | | |
| चीज़ें, बेटियों | | |
| सामान, फूल | | |

# 7. लिंग

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. शब्द का वह रूप जो पुरुष तथा स्त्री जाति का बोध कराता है, लिंग कहलाता है।
2. लिंग के दो भेद हैं– स्त्रीलिंग तथा पुल्लिग।

   स्त्रीलिंग – वे शब्द जिनसे स्त्री जाति का बोध हो, स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

   पुल्लिग – वे शब्द जिनसे पुरुष जाति का बोध हो, पुल्लिग कहलाते हैं।

**(ख) वाक्यों में दिए गए रंगीन शब्दों के लिंग बताइए।**

1. स्त्रीलिंग
2. स्त्रीलिंग
3. पुल्लिग
4. स्त्रीलिंग
5. पुल्लिग

**(ग) दिए गए पुल्लिग शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भगवान | भगवती | 2. | पंडित | पंडिताइन |
| 3. | दादा | दादी | 4. | डिब्बा | डिबिया |
| 5. | सुत | सुता | 6. | गुरु | गुरुआइन |
| 7. | लेखक | लेखिका | 8. | नेता | नेत्री |

**(घ) रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

1. **कवयित्री** कविता लिख रही है।
2. **सेविका** झाड़ू लगा रही है।
3. **शिक्षिका** कक्षा में पढ़ा रही हैं।
4. हमारे देश में अनेक **वीरांगना** हैं।
5. पेड़ पर **नर गिलहरी** फल खा रहा है।

**(ङ) रंगीन शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. चाची
2. स्त्री
3. छात्रा
4. अभिनेत्री
5. बंदरिया

**(च) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए।**

1. स्त्रीलिंग
2. पुल्लिग
3. पुल्लिग
4. पुल्लिग
5. स्त्रीलिंग
6. स्त्रीलिंग
7. पुल्लिग
8. स्त्रीलिंग

## कुछ करने की बारी

**दिए गए शब्दों के पुल्लिंग रूप शब्द-जाल में से ढूँढ़िए।**

1. बलवती
2. बछिया
3. शेरनी
4. भतीजी
5. पुस्तिका
6. बंदरिया
7. रानी
8. हिरणी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | बं | द | र | म | शे | र |
| फ | पु | स्त | क | स | य | र |
| से | र | झ | ब | छ | ड़ा | भ |
| रा | त | थ | स | व | ल | ती |
| जा | द | ब | ल | वा | न | जा |
| ठ | ध | न | ख | हि | र | ण |

# 8. वचन

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. जिस संज्ञा या सर्वनाम शब्द से किसी वस्तु, व्यक्ति तथा पदार्थ के एक या अनेक होने का बोध हो, उसे वचन कहते हैं।
2. वचन के दो भेद हैं– एकवचन तथा बहुवचन।

   एकवचन – संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जो वस्तु या व्यक्ति के एक होने का बोध कराता है, एकवचन कहलाता है।

   बहुवचन – संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जो व्यक्ति या वस्तु के अनेक होने का बोध कराता है, बहुवचन कहलाता है।
3. आदर-सम्मान तथा बड़प्पन प्रकट करने के लिए एकवचन का प्रयोग बहुवचन में किया जाता है।

**(ख) दिए गए शब्दों को बहुवचन में बदलिए।**

1. जूते
2. मालाएँ
3. लोटे
4. बछियाँ
5. महिलाएँ
6. रोटियाँ
7. विधियाँ
8. याचनाएँ
9. अध्यापकगण
10. छात्रवृंद
11. नाना
12. कविताएँ

**(ग) कोष्ठक में दिए रंगीन शब्दों के सही वचन से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. मच्छरों
2. फूल
3. रुपए
4. गाड़ियाँ
5. बच्चों
6. किसान

**(घ) दिए गए वाक्यों में वचन संबंधी अशुद्धियाँ दूर करके वाक्य दोबारा लिखिए।**

1. वहाँ अनेक लोग थे।
2. चिड़ियाँ दाना चुग रही हैं।
3. उसके प्राण निकल गए।
4. उसकी आँखों से आँसू बह रहे हैं।
5. चींटी दीवार पर चढ़ रही है।
6. मेरे चाचा जी आए हैं।

**(ङ) वाक्यों में दिए गए रंगीन शब्दों के वचन-भेद लिखिए।**

1. बहुवचन
2. एकवचन
3. एकवचन
4. बहुवचन
5. एकवचन
6. बहुवचन

**कुछ करने की बारी**

**दिए गए चित्र को देखकर पाँच से सात पंक्तियाँ लिखिए और उनमें एकवचन तथा बहुवचन शब्दों को रेखांकित कीजिए।**

1. प्रात:काल का **दृश्य** है।
2. **सब्ज़ीवाला सब्ज़ियाँ** बेच रहा है।
3. दो **महिलाएँ बातें** कर रही हैं।
4. **माली पौधों** को **पानी** दे रहा है।
5. **बच्चे फुटबॉल** खेल रहे हैं।
6. **आसमान** में **पक्षी** उड़ रहे हैं।
7. आस-पास हरे **पेड़** दिखाई दे रहे हैं।

# 9. कारक

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. संज्ञा तथा सर्वनाम शब्दों का क्रिया के साथ संबंध प्रकट करने वाले शब्द कारक कहलाते हैं।
2. कारक के आठ भेद हैं– कर्ता – ने, कर्म – को, करण – से / के द्वारा, संप्रदान – के लिए, अपादान – से, संबंध – का / के / की / रा / रे / री, अधिकरण – में / पर, संबोधन – हे! अरे! ओ! आदि।
3. (क) कर्म कारक में क्रिया का फल कर्म पर पड़ता है। जैसे– रवि फूल तोड़ रहा है। संप्रदान कारक में किसी को कुछ देने तथा किसी के लिए कुछ करने का भाव होता है। जैसे– रवि ने राधा को फूल दिया।

   (ख) करण कारक में विभक्ति 'से' का प्रयोग साधन के रूप में होता है। जैसे– मैं पेन से लिखता हूँ। अपादान कारक में विभक्ति 'से' का प्रयोग अलग होने, तुलना करने, निकलने आदि के लिए होता है। जैसे– पेड़ से पत्ता गिरा।

**(ख) दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।**

1. जिस पर क्रिया का फल या प्रभाव पड़ता है– (ख) कर्म कारक ✓
2. कर्ता जिस साधन या माध्यम से कार्य करता है– (ग) करण कारक ✓
3. कर्ता जिसके लिए कुछ कार्य करता है या जिसे कुछ देता है– (घ) संप्रदान कारक ✓
4. क्रिया के जिस रूप से कार्य करने वाले का ज्ञान होता है– (घ) कर्ता कारक ✓
5. शब्द के जिस रूप से किसी को बुलाने या पुकारने के भाव का आभास हो–
   (क) संबोधन कारक ✓

**(ग) रंगीन कारक का भेद दिए गए विकल्पों में से चुनिए।**

1. रमेश कलम से पत्र लिख रहा है। (ख) करण कारक ✓
2. विजय ने अपना गृहकार्य पूरा कर लिया है। (ग) कर्ता कारक ✓
3. मेज़ पर पुस्तकें रख दो। (क) अधिकरण कारक ✓
4. माँ ने भिखारी को भोजन दिया। (ख) संप्रदान कारक ✓
5. दादा जी के हाथ से छाता छूट गया। (ग) अपादान कारक ✓

**(घ) वाक्यों में आए रंगीन शब्दों का कारक-भेद बताइए।**

1. अपादान कारक
2. कर्ता कारक
3. संप्रदान कारक
4. संबंध कारक
5. करण कारक
6. कर्म कारक
7. अधिकरण कारक

**(ङ) उचित कारक-चिह्नों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. खरगोश **ने** कछुए **को** प्रतियोगिता **में** हरा दिया था।
2. श्रवण **ने** माता-पिता **को** तीर्थ-धामों **की** सैर करवाई।

3. करण **ने** मेज़ **पर** बैठकर भाई **के** साथ चम्मच **से** खाना खाया।

4. पेड़ **पर** लगे मीठे फल **को** तोता खा रहा है।

5. मदारी **ने** बंदर **का** खेल दिखाकर लोगों **से** पैसों **की** मदद माँगी।

6. मज़दूर **ने** गुड़ **से** रोटी खाकर नल **से** पानी पी लिया।

**(च) कारक की अशुद्धियाँ ठीक करके वाक्य दोबारा लिखिए।**

1. मैंने बच्चों से फल खरीदे।
2. हिमालय से नदियाँ निकलती हैं।
3. छाया की पुस्तक पुस्तकालय में रह गई।
4. सरोज ने पेंसिल से चित्र बनाया।
5. वह पक्षियों से प्यार करता है।
6. बीच सड़क पर मत चलो।

### कुछ करने की बारी

**नीचे दी गई कहानी में रंगीन कारक-चिह्नों की अशुद्धियों को शुद्ध करके कहानी दोबारा लिखिए।**

एक बार **की** बात है। स्वामी विवेकानंद जापान देश **की** यात्रा पर गए थे। वे रेल **में** बैठकर यात्रा कर रहे थे। उन्हें फल खाने **की** इच्छा हुई। उन्होंने स्टेशन **पर** इधर-उधर देखा। लेकिन फल नहीं दिखे। उनके मुँह **से** निकला "यह जापान भी कैसा देश है जहाँ फल भी नहीं मिलते!"

स्वामी जी **की** बात एक जापानी युवक **ने** सुन ली थी। अगले स्टेशन **पर** वह युवक उतरा और फलों **की** एक टोकरी लेकर लौटा। बड़े आदर **से** उसने स्वामी जी **को** फलों **की** टोकरी दी।

स्वामी जी **ने** उस युवक **को** धन्यवाद दिया तथा फलों **का** दाम पूछा।

उस युवक **ने** कहा, "स्वामी जी! इसका दाम यह है कि आप अपने देश **में** जाकर यह न कहें कि मेरे देश जापान **में** फल नहीं मिलते।"

# 10. सर्वनाम

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम छह प्रकार के होते हैं।
2. वे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग वक्ता अपने लिए, श्रोता के लिए तथा अन्य व्यक्ति के लिए करता है, पुरुषवाचक सर्वनाम होते हैं। पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं– उत्तम पुरुषवाचक, मध्यम पुरुषवाचक तथा अन्य पुरुषवाचक।
3. किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध कराने वाले शब्द निश्चयवाचक सर्वनाम होते हैं। ऐसे सर्वनाम शब्द जिनसे किसी निश्चित प्राणी या वस्तु का बोध नहीं होता, अनिश्चयवाचक शब्द होते हैं।
4. निजवाचक सर्वनाम में 'आप' शब्द का प्रयोग 'अपने आप' के रूप में किया जाता है।

**(ख) उचित सर्वनाम शब्द चुनकर रिक्त स्थानों को भरिए।**

1. मुझे
2. कोई
3. कौन
4. वह
5. अपने

**(ग) दिए गए वाक्यों में संज्ञाओं के स्थान पर उचित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कर वाक्य दोबारा लिखिए।**

1. रवि ने अपनी बहन को उपहार में घड़ी दी।
2. माधव ने अपने मामा जी से अपने लिए साइकिल लाने को कहा।
3. मालती ने अपनी पुस्तक अपनी सहेली को दे दी।
4. विजय को उसके मित्रों ने उल्लू बनाया।
5. प्रिया की सहेली ने उसे उसकी पुस्तक लौटा दी।

**(घ) रंगीन सर्वनाम शब्दों के उचित भेद चुनिए।**

1. यह एक महान नेता है। (ख) निश्चयवाचक सर्वनाम ✓
2. जिसने परिश्रम किया उसने सफलता प्राप्त की। (घ) संबंधवाचक सर्वनाम ✓
3. यह पुस्तक किसने लिखी है? (ग) प्रश्नवाचक सर्वनाम ✓
4. तुम जाकर बाज़ार से फल ले आओ। (ख) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम ✓
5. किसी ने तुम्हें अभी-अभी पुकारा है। (ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम ✓

**(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द की अशुद्धि को शुद्ध करके फिर से लिखिए।**

1. तुम किससे पूछकर यह काम कर रहे हो?
2. हम देश के लिए अपनी जान लुटा देंगे।
3. बाहर कौन खड़ा है?
4. उसने तुम्हें याद किया है।
5. मैं बहुत थक गया हूँ।
6. मुझे लगता है उसे कुछ भी नहीं आता।

**कुछ करने की बारी**

**निम्नलिखित कहानी में आए सर्वनाम शब्दों को छाँटिए तथा उनका भेद भी बताइए।**

| सर्वनाम | भेद | सर्वनाम | भेद |
|---|---|---|---|
| उस | निश्चयवाचक | मैं | उत्तम पुरुषवाचक |
| अपने | निजवाचक | मुझे | उत्तम पुरुषवाचक |
| उसकी | निश्चयवाचक | वह | अन्य पुरुषवाचक |
| उसने | निश्चयवाचक | उसके | निश्चयवाचक |
| आप | मध्यम पुरुषवाचक | उसे | निश्चयवाचक |
| | | अपनी | निजवाचक |

# 11. विशेषण

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट करते हैं, विशेषण कहलाते हैं।
2. विशेषण चार प्रकार के होते हैं– गुणवाचक, संख्यावाचक, परिमाणवाचक तथा सार्वनामिक विशेषण।
3. संज्ञा की जगह प्रयोग होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जो सर्वनाम शब्द संज्ञा से पहले लगकर उनकी विशेषता बताते हैं, वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।
4. वे शब्द जो विशेषण शब्दों की विशेषता बताते हैं, प्रविशेषण कहलाते हैं। जैसे– लड़का बहुत तेज़ दौड़ा। यहाँ 'बहुत' प्रविशेषण है।

**(ख) दिए गए शब्दों से विशेषण शब्दों की रचना कीजिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. मास | मासिक | 2. कल्पना | काल्पनिक |
| 3. दिन | दैनिक | 4. भूख | भूखा |
| 5. धर्म | धार्मिक | 6. सम्मान | सम्मानित |
| 7. पाप | पापी | 8. रोग | रोगी |
| 9. नमक | नमकीन | 10. स्वर्ग | स्वर्गीय |
| 11. बर्फ़ | बर्फ़ीला | 12. पूजा | पूजनीय |
| 13. ज्ञान | ज्ञानी | 14. रंग | रंगीन |

**(ग) दिए गए वाक्यों में से विशेषण तथा विशेष्य अलग-अलग करके लिखिए।**

| | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|
| 1. मुझे काली छतरी पसंद है। | काली | छतरी |
| 2. ताजमहल अद्‌वितीय है। | अद्‌वितीय | ताजमहल |
| 3. पाँच लीटर सरसों का तेल लाओ। | पाँच लीटर | सरसों का तेल |
| 4. उस झूठे लड़के को बुलाओ। | झूठे | लड़के |
| 5. इस कर्कश आवाज़ को बंद करो। | कर्कश | आवाज़ |
| 6. मुझे प्राचीन इमारतें पसंद हैं। | प्राचीन | इमारतें |

**(घ) दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द रेखांकित करके उनका भेद लिखिए।**

1. घने – गुणवाचक, एक – निश्चित संख्यावाचक 2. बूढ़े – गुणवाचक 3. ऊँची-ऊँची – गुणवाचक
4. कच्चे, खट्टे – गुणवाचक 5. सुंदर – गुणवाचक 6. छोटी, लाल – गुणवाचक

**(ङ) रंगीन विशेषण शब्दों का उचित भेद चुनिए।**

1. आज बाज़ार में असंख्य लोगों की भीड़ जमा थी। (घ) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण ✓
2. मुझे मीठे आम बहुत पसंद हैं। (क) गुणवाचक विशेषण ✓
3. मैं माँ के लिए रंग-बिरंगी चूड़ियाँ लाया। (घ) गुणवाचक विशेषण ✓

4. कक्षा में दस बच्चे अनुपस्थित हैं। (क) निश्चित संख्यावाचक विशेषण ✓
5. वह लड़की विद्यालय जा रही है। (ख) सार्वनामिक विशेषण ✓
6. मुझे थोड़ा दूध दे दो। (ख) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण ✓

**(च) सर्वनाम और सार्वनामिक विशेषण छाँटकर लिखिए।**

| | सर्वनाम | सार्वनामिक विशेषण |
|---|---|---|
| 1. वह मेरे घर कल आएगा। | वह | मेरे |
| 2. उस माली ने मुझे फूल दिया। | मुझे | उस |
| 3. तुम जल्दी अपनी पुस्तक ले आओ। | तुम | अपनी |
| 4. वह सवेरे उस बाग में आता है। | वह | उस |
| 5. इस पेड़ पर मेरा अधिकार है। | मेरा | इस |
| 6. उस लड़की को मेरे पास बुलाओ। | मेरे | उस |


**(छ) दिए गए वाक्यों में से विशेषण और प्रविशेषण को छाँटकर अलग कीजिए।**

| प्रविशेषण | विशेषण |
|---|---|
| 1. बहुत | बड़ा |
| 2. बेहद | कड़वा |
| 3. बहुत | घने |
| 4. सबसे | ऊपरी |
| 5. अधिक | चौड़ी |
| 6. ज़्यादा | ठंडा |

**कुछ करने की बारी**

**ढोल में दिए गए विशेषण और विशेष्य शब्दों का मिलान करते हुए उचित कॉलम में लिखिए।**

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| शास्त्रीय | गायन |
| लालची | सेठ |
| ऊँची | छत |
| डेढ़ किलो | आलू |
| वीर | योद्धा |
| रंगीन | कपड़ा |
| कड़वी | ककड़ी |
| पिछला | दरवाज़ा |
| पालतू | बिल्ली |
| खुले | पैसे |
| काफ़ी | खाना |



# 12. क्रिया

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. जिन शब्दों से किसी काम के करने या होना का बोध हो, उसे क्रिया कहते हैं।
2. क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है। जैसे– 'पढ़ना' क्रिया का मूल रूप 'पढ़' धातु है।
3. लिंग और वचन के आधार पर क्रिया स्त्रीलिंग-पुल्लिग तथा एकवचन-बहुवचन में बदल जाती है।
4. कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद हैं– अकर्मक तथा सकर्मक।

   ऐसी क्रियाएँ जिनका फल कर्ता पर पड़ता है, अकर्मक क्रिया कहलाती हैं या जो क्रिया कर्म की अपेक्षा नहीं रखती, वह अकर्मक हैं। जैसे- बच्चा रो रहा है।

   ऐसी क्रियाएँ जिन्हें कर्म की अपेक्षा होती है, वे सकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं। जैसे– माली पौधे लगा रहा है।

**(ख) वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के भेद कर्म के आधार पर बताइए।**

1. अकर्मक
2. सकर्मक
3. सकर्मक
4. सकर्मक
5. सकर्मक
6. सकर्मक
7. सकर्मक
8. सकर्मक

**(ग) कोष्ठक में दिए रंगीन शब्दों के उचित क्रिया रूप से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. माँ ने खाना **बनाया**।
2. राघव ने मित्रों को दावत **दी**।
3. सैनिक वीरता के साथ **लड़े**।
4. वह परीक्षा देने **जाएगा**।
5. मैं खाना **खाऊँगा**।

**(घ) क्रिया संबंधी अशुद्धियों को दूर करके वाक्यों को दोबारा लिखिए।**

1. हम कल मुंबई जाएँगे।
2. देखिए, शोर मत कीजिए।
3. बड़ों की आज्ञा का पालन करें।
4. मैंने अपना काम किया है।
5. काश! मेरे पास भी घर होता।

**(ङ) दी गई क्रियाओं से प्रथम और द्‌वितीय प्रेरणार्थक क्रियाएँ बनाकर लिखिए।**

| | **प्रथम प्रेरणार्थक** | **द्‌वितीय प्रेरणार्थक** |
|---|---|---|
| 1. हँसना | हँसाना | हँसवाना |
| 2. पीना | पिलाना | पिलवाना |
| 3. सोना | सुलाना | सुलवाना |
| 4. देना | दिलाना | दिलवाना |
| 5. छोड़ना | छुड़ाना | छुड़वाना |

**कुछ करने की बारी**

**चित्र देखकर लिखिए कि क्या-क्या क्रियाएँ हो रही हैं?**

1. लड़का और उसके पिता कैरमबोर्ड खेल रहे हैं।
2. माता जी अखबार पढ़ रही हैं।
3. दूसरा लड़का गृहकार्य कर रहा है।
4. लड़की पौधों को पानी दे रही है।

# 13. काल

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. क्रिया का वह रूप जिससे उसके होने या करने के समय का पता चलता है, काल कहलाता है।
2. काल के तीन भेद होते हैं– भूतकाल, वर्तमान काल तथा भविष्यत् काल।
   भूतकाल कार्य के बीते हुए समय में होने का बोध कराता है।
   वर्तमान काल कार्य के चल रहे समय में होने का बोध कराता है।
   भविष्यत् काल कार्य के आने वाले समय में होने का बोध कराता है।

**(ख) दिए गए वाक्यों के काल पहचानिए और वाक्यों को अन्य दो काल में परिवर्तित कीजिए।**

| | **काल** |
|---|---|
| 1. प्रवीण कक्षा में प्रथम आया है। | वर्तमान काल |
| प्रवीण कक्षा में प्रथम आया था। | भूतकाल |
| प्रवीण कक्षा में प्रथम आएगा। | भविष्यत् काल |
| 2. कल हम मसूरी घूमने गए थे। | भूतकाल |
| कल हम मसूरी घूमने जाएँगे। | भविष्यत् काल |
| हम मसूरी घूम रहे हैं। | वर्तमान काल |
| 3. लगता है वर्षा होगी। | भविष्यत् काल |
| वर्षा हो रही है। | वर्तमान काल |
| वर्षा हुई थी। | भूतकाल |
| 4. किसान बीज बो रहा है। | वर्तमान काल |
| किसान ने बीज बोए। | भूतकाल |
| किसान बीज बोएगा। | भविष्यत् काल |
| 5. सचिन घूमने जाएगा। | भविष्यत् काल |
| सचिन घूमने गया। | भूतकाल |
| सचिन घूमने जा रहा है। | वर्तमान काल |

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के काल लिखिए।**

1. वर्तमान काल
2. भविष्यत् काल
3. भविष्यत् काल
4. वर्तमान काल
5. भूतकाल
6. भूतकाल
7. भविष्यत् काल
8. वर्तमान काल

**(घ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए क्रिया के उचित रूप तथा काल के अनुसार कीजिए।**

1. माली पौधा **लगाएगा**।
2. वह कल स्कूल नहीं **गया**।
3. गुजरात में भूकंप **आया था**।
4. मामा जी दिल्ली **आ रहे हैं**।

5. हमारा परीक्षा परिणाम कल **आएगा**।

6. माँ खाना **बना रही हैं**।

7. गौरव कल पटना **गया था**।

8. तुम अभी यहाँ **आओगे**।

**कुछ करने की बारी**

**(क) भूतकाल का प्रयोग करते हुए किसी अविस्मरणीय घटना का वर्णन आठ से दस वाक्यों में कीजिए।**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**(ख) यह एक बाज़ार का दृश्य है। जहाँ लोग खरीदारी कर रहे हैं। चित्र को देखिए और तीनों कालों से संबंधित कुछ वाक्य बनाइए।**

1. एक औरत सब्ज़ियाँ खरीद रही है।
2. सब्ज़ीवाले ने औरत से पूछा, बहन जी क्या सब्ज़ी लोगी। औरत ने सब्ज़ीवाले से घीये का दाम पूछा।
3. बाज़ार में एक व्यक्ति खरबूजे बेच रहा था।
4. एक आदमी खरबूजा खरीद रहा है।
5. एक आदमी सब्ज़ियों से भरा थैला लेकर जा रहा था।

# 14. अविकारी शब्द ( अव्यय )

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रियाविशेषण कहलाते हैं।
2. क्रिया के होने या करने का काल या समय बताने वाले शब्द कालवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं।
3. वे अव्यय जो संज्ञा या सर्वनाम के साथ लगकर उनका वाक्य के अन्य शब्दों से संबंध बताते हैं, संबंधबोधक अव्यय कहलाते हैं।
4. समुच्चयबोधक अव्यय वाक्य के दो शब्दों या उपवाक्यों को जोड़ने का कार्य करते हैं।
5. विस्मयादिबोधक अव्यय की विशेषता यह है कि यह वाक्य के आरंभ में आते हैं तथा इनके द्वारा वाक्य का भाव सरलता से स्पष्ट हो जाता है।
6. वे अविकारी शब्द जो किसी पद के साथ आकर उसके अर्थ को एक विशेष बल प्रदान करते हैं, उन्हें निपात कहते हैं।

**( ख ) दिए गए वाक्यों में रंगीन क्रियाविशेषण शब्दों का उचित भेद चुनिए।**

1. **ध्यानपूर्वक** काम कीजिए। (ग) रीतिवाचक क्रियाविशेषण ✓
2. दिव्या साइकिल से **अचानक** गिर गई। (घ) रीतिवाचक क्रियाविशेषण ✓
3. वह मेरे **पीछे-पीछे** चल रहा है। (ख) स्थानवाचक क्रियाविशेषण ✓
4. आज मैं **बहुत** हँसा। (ग) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण ✓

**( ग ) वाक्यों में प्रयुक्त शब्द विशेषण है या क्रियाविशेषण, उन्हें पहचानकर उचित स्थानों पर लिखिए।**

| | विशेषण | क्रियाविशेषण |
|---|---|---|
| 1. | लंबे | |
| 2. | | अभी |
| 3. | | कम |
| 4. | अच्छी | |
| 5. | | अच्छा |
| 6. | | ऊँचा |

**( घ ) दिए गए शब्दों का विशेषण तथा क्रियाविशेषण दोनों रूपों में वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

1. दिनेश अच्छा लड़का है। (विशेषण)
   वह अच्छा गाती है। (क्रियाविशेषण)
2. मीरा के बाल सुंदर हैं। (विशेषण)
   वह सुंदर दिखती है। (क्रियाविशेषण)
3. नेहा बहुत समझदार है। (विशेषण)
   वह बहुत बोलती है। (क्रियाविशेषण)

4. आज बहुत तेज़ हवा चल रही है। (विशेषण)

घोड़ा तेज़ दौड़ता है। (क्रियाविशेषण)

**(ङ) वाक्यों में आए संबंधबोधक अव्ययों को रेखांकित कीजिए।**

1. तुम कक्षा के बाहर जाओ।
2. रवि से पहले मैं जाऊँगा।
3. बड़ों के आगे अदब से रहो।
4. प्रेरणा के पश्चात मेरा नंबर है।
5. अस्पताल के पास दवाइयों की दुकान है।

**(च) दिए गए रिक्त स्थानों में संबंधबोधक अव्यय भरिए।**

1. के आगे 2. के बाहर 3. के सामने 4. के कारण 5. के समान

**(छ) वाक्यों में प्रयुक्त समुच्चयबोधक अव्ययों को रेखांकित कीजिए।**

1. मैं आ न सका क्योंकि मुझे बस नहीं मिली।
2. मान्या और सविता अच्छी दोस्त हैं।
3. मैं आना चाहता था लेकिन आ नहीं पाया।
4. मैं नहीं जाऊँगा परंतु तुम चले जाना।
5. परिश्रम करो अन्यथा फेल हो जाओगे।
6. वह बहुत थक गया था इसलिए जल्दी सो गया।

**(ज) दिए गए रिक्त स्थानों में समुच्चयबोधक अव्यय भरिए।**

1. और 2. या 3. क्योंकि 4. या 5. लेकिन

**(झ) उचित विस्मयादिबोधक अव्यय चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. **वाह!** कितना सुंदर दृश्य है।
2. **बाप रे बाप!** कितना लंबा साँप है।
3. **हाय!** पड़ोसी के घर चोरी हो गई।
4. **बहुत सुंदर!** तुमने तो सबसे अच्छा चित्र बनाया है।

**(ञ) दिए गए वाक्यों में आए विस्मयादिबोधक अव्यय का भेद लिखिए।**

1. संबोधनबोधक 2. प्रशंसाबोधक 3. शोकबोधक 4. स्वीकृतिबोधक 5. स्वीकृतिबोधक

## कुछ करने की बारी

**उचित संबंधबोधक अव्यय का प्रयोग करते हुए कहानी को पूरा कीजिए।**

एक घने पेड़ **के नीचे** झोंपड़ी में बुढ़िया रहती थी। उसकी झोंपड़ी **के पीछे** एक साँप रहता था। बुढ़िया उसके लिए प्रतिदिन घर **के सामने** प्याले में दूध रख देती थी। साँप बुढ़िया से बहुत प्रसन्न था। एक दिन साँप ने बुढ़िया की झोंपड़ी **के भीतर** चोरों को देखा। वे झोंपड़ी में घुसने लगे। वह भी चोरों **के साथ** झोंपड़ी में घुस गया। साँप ने उनको डस लिया। चोर झोंपड़ी **के बाहर** भागे। इस प्रकार साँप ने बुढ़िया के सामान की रक्षा की।

# 15. संधि

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. संधि का शाब्दिक अर्थ है– मेल।
2. वर्णों के पारस्परिक मेल से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे संधि कहते हैं।
3. स्वर संधि के भेद हैं– दीर्घ संधि, गुण संधि, वृद्धि संधि, यण संधि तथा अयादि संधि।
4. जब ह्रस्व या दीर्घ 'अ, इ, उ' के बाद ह्रस्व या दीर्घ 'अ, इ, उ' आएँ तो इनके मेल से 'आ ई, ऊ' दीर्घ रूप बन जाते हैं। इसे ही दीर्घ संधि कहते हैं।

**(ख) दिए गए शब्दों के सही संधि शब्द को चुनिए।**

1. स्व + अधीन (ग) स्वाधीन ✓
2. छात्र + आवास (क) छात्रावास ✓
3. दया + आनंद (ग) दयानंद ✓
4. महा + ईश (ग) महेश ✓
5. वार्षिक + उत्सव (घ) वार्षिकोत्सव ✓
6. सत् + चरित्र (ग) सच्चरित्र ✓
7. देव + ऋषि (ख) देवर्षि ✓

**(ग) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. सूर्य + अस्त | 2. दीप + अवली | 3. हिम + आलय |
| 4. लघु + उत्तर | 5. विद्या + आलय | 6. तथा + एव |
| 7. जगत् + नाथ | 8. गिरि + ईश | 9. गण + ईश |
| 10. निः + चल | 11. दुः + जन | 12. सूर्य + उदय |

**कुछ करने की बारी**

**दिए गए शब्दों को उचित खानों में भरिए और बीच में दिए गए शब्द के मेल से बने शब्द लिखिए।**

**आलय –** पुस्तक, देव, शिव, हिम पुस्तकालय देवालय शिवालय हिमालय

**ईश –** महा, रमा, दिन, गण महेश रमेश दिनेश गणेश

# 16. समास

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. समास शब्द का अर्थ है संक्षिप्त या छोटा करना।
2. शब्दों के समूह को मिलाकर जो नया शब्द बनता है वह समस्त पद कहलाता है तथा समस्त पदों के बीच के संबंध को स्पष्ट करना समास विग्रह कहलाता है।
3. समास के छह भेद हैं– अव्ययीभाव समास–यथाशीघ्र, तत्पुरुष समास–सेनापति, कर्मधारय समास–नीलगाय, द्विगु समास–नवग्रह, द्वंद्व समास–माता-पिता, बहुव्रीहि समास–गिरिधर।
4. (क) कर्मधारय समास के दोनों पदों में विशेषण-विशेष्य या उपमान-उपमेय का संबंध होता है जबकि बहुव्रीहि समास के दोनों पद मिलकर किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं। जैसे–

   पीतांबर – पीत (पीला) है जो अंबर (कर्मधारय समास)

   पीतांबर – पीले (पीला) हैं अंबर (वस्त्र) जिसके अर्थात् श्रीकृष्ण (बहुव्रीहि समास)

   (ख) द्विगु समास का पहला पद संख्यावाचक होता है जबकि बहुव्रीहि समास के दोनों पद मिलकर किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं। जैसे–

   त्रिफला – तीन फलों का समूह (द्विगु समास)

   त्रिलोचन – तीन हैं लोचन जिसके अर्थात् शिव (बहुव्रीहि समास)

**(ख) दिए गए सामासिक पदों का समास विग्रह करके भेद बताइए।**

| | **समास विग्रह** | **भेद** |
|---|---|---|
| 1. आजीवन | जीवन भर | अव्ययीभाव समास |
| 2. सत्याग्रह | सत्य के लिए आग्रह | तत्पुरुष समास |
| 3. महापुरुष | महान है जो पुरुष | कर्मधारय समास |
| 4. कमलनयन | कमल के समान नयन | कर्मधारय समास |
| 5. चौराहा | चार राहों का समूह | द्विगु समास |
| 6. नीलकंठ | नीला है कंठ जिसका | बहुव्रीहि समास |

**(ग) समास विग्रह का सामासिक पद लिखकर भेद बताइए।**

| | **सामासिक पद** | **भेद** |
|---|---|---|
| 1. चार राहों का समूह | चौराहा | द्विगु |
| 2. काली है जो मिर्च | कालीमिर्च | कर्मधारय |
| 3. धर्म के लिए शाला | धर्मशाला | तत्पुरुष |
| 4. राजा का कुमार | राजकुमार | तत्पुरुष |
| 5. पीत हैं अंबर जिसके | पीतांबर | बहुव्रीहि |
| 6. रात और दिन | रात-दिन | द्वंद्व |


**(घ) निम्नलिखित समस्त पदों का उचित समास विग्रह चुनिए।**

1. हस्तलिखित (घ) हस्त से लिखित ✓
2. रसोईघर (ख) रसोई के लिए घर ✓
3. लंबोदर (क) लंबा है उदर जिसका ✓
4. राष्ट्रपति (क) राष्ट्र का पति ✓
5. जय-पराजय (ख) जय या पराजय ✓
6. आमरण (ग) मृत्यु तक ✓

**कुछ करने की बारी**

**दिए गए संकेत बिंदुओं से शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।**

1. कमल के समान नयन
2. महान है जो राजा
3. राजा का कुमार
4. प्रसंग के अनुसार
5. हर दिन
6. आज्ञा के अनुसार
7. रसोई के लिए घर
8. लंबा है उदर जिसका



# 17. वाक्य

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. सार्थक शब्दों का वह समूह जो एक निश्चित अर्थ प्रकट करता है, वाक्य कहलाता है।
2. अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद हैं– विधानवाचक, निषेधवाचक, प्रश्नवाचक, संकेतवाचक, संदेहवाचक, इच्छावाचक, आज्ञावाचक, विस्मयादिवाचक।
3. रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद हैं– सरल वाक्य, संयुक्त वाक्य, मिश्रित वाक्य।
4. दो या दो से अधिक उपवाक्य जो किसी समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े हों, संयुक्त वाक्य कहलाते हैं। जिस वाक्य में एक से अधिक उपवाक्य हों तथा जिनमें से एक मुख्य उपवाक्य हो और अन्य उस पर आश्रित गौण उपवाक्य हों, उसे मिश्रित वाक्य कहते हैं।

**(ख) दिए गए वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय अलग-अलग कीजिए।**

| | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| 1. रवि खिलौनों से खेल रहा है। | रवि | खिलौनों से खेल रहा है। |
| 2. मेरा मित्र सुंदर चित्रकारी करता है। | मेरा मित्र | सुंदर चित्रकारी करता है। |
| 3. राहुल दौड़ रहा है। | राहुल | दौड़ रहा है। |
| 4. काला घोड़ा घास चर रहा है। | काला घोड़ा | घास चर रहा है। |
| 5. मेरा मित्र रोहन बहुत बुद्धिमान है। | मेरा मित्र रोहन | बहुत बुद्धिमान है। |

**(ग) दिए गए वाक्यों के उचित भेद चुनिए।**

1. मैं खाना नहीं खाऊँगा। (ग) निषेधवाचक वाक्य ✓
2. शायद मोहन कल आएगा। (ग) संदेहवाचक वाक्य ✓
3. यदि वर्षा हुई तो खेती अच्छी होगी। (क) संकेतवाचक वाक्य ✓
4. ईश्वर तुम्हारी हर मनोकामना पूरी करें। (क) इच्छावाचक वाक्य ✓

**(घ) दिए गए भेदों के दो-दो उदाहरण दीजिए।**

विद्यार्थी स्वयं करें।

**(ङ) दिए गए वाक्यों का उचित भेद चुनिए।**

1. मोर नाच रहा है। (क) सरल वाक्य ✓
2. राम ने कहा कि वह कल विद्यालय नहीं आएगा। (ख) मिश्रित वाक्य ✓
3. माला खा रही है और दिव्या पढ़ रही है। (ग) संयुक्त वाक्य ✓
4. वह पढ़कर सोने जाएगा। (क) सरल वाक्य ✓
5. जब तुम आए तब मैं घर पर नहीं था। (ख) मिश्रित वाक्य ✓
6. पिता जी टी.वी. देख रहे हैं और माँ अखबार पढ़ रही हैं। (क) संयुक्त वाक्य ✓
7. जैसे ही मैं पढ़ने बैठा, बिजली चली गई। (ख) मिश्रित वाक्य ✓

**कुछ करने की बारी**

**(क) नीचे दिए वाक्यों के शब्द इधर-उधर हो गए हैं। शब्दों को सही क्रम देकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

1. मैं खाना खा रहा हूँ।
2. अध्यापिका कक्षा में पढ़ा रही हैं।
3. कल मैं नाना के घर जाऊँगा।
4. आम का स्वाद मीठा होता है।
5. बूढ़ा आदमी अखबार पढ़ रहा है।
6. मेरा मित्र सुंदर चित्रकारी करता है।
7. सूर्य पूर्व से निकलता है।
8. वह पुस्तकालय जा रहा है।
9. वह कल बाज़ार गया था।
10. खेत में सफ़ेद घोड़ा किसका है?

**(ख) अर्थ के आधार पर चित्र सहित वाक्यों का एक चार्ट तैयार कीजिए।**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 18. सामान्य अशुद्धियाँ

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए।**

1. यह निश्चित है।
2. उसने कई प्रकार की कलाएँ सीखीं।
3. माँ खाना बनाती हैं।
4. मैं बस से आया हूँ।
5. वे बाज़ार से घर आए।
6. उसके पास मात्र दस रुपए हैं।
7. यह लड़की सबसे सुंदर है।
8. दरवाज़े पर कौन खड़ा है?
9. मैं सोमवार को मंदिर जाऊँगा।
10. उसने हस्ताक्षर कर दिए।
11. हमारे अध्यापक विद्वान हैं।
12. वह राजा का पुत्र है।
13. उसके प्राण निकल गए।
14. राधा ने सुंदर फ्रॉक पहनी।
15. कल मुझे अध्यापक ने बुलाया।।
16. सीता को बहुत भूख लगी है।
17. उसने पानी पिया।
18. बड़ों का सम्मान करना चाहिए।
19. मैं तुमसे मिलने कभी नहीं आऊँगा।
20. उस कमरे में अँधेरा है।

**कुछ करने की बारी**

**(क) निम्नलिखित कहानी में अशुद्ध वाक्यों को सही करके कहानी दोबारा लिखिए।**

एक काला कौआ **था**। उसे प्यास **लगी**। जब उसने चारों ओर नज़र **दौड़ाई** तो सामने एक घड़ा **दिखा**। जब उसने घड़े में झाँककर **देखा** तो पानी बहुत **नीचा था**। उसने पास ही पड़े कंकड़ उठाए। एक-एक करके घड़े में **डाले**। पानी ऊपर **आया** और वह पानी पीकर उड़ **गया**।

**(ख) आप दशहरे का मेला देखकर आए हैं। वहाँ पर आपने क्या-क्या देखा? आपको वहाँ पर कैसा लगा? अपना अनुभव बताते हुए आठ से दस शुद्ध वाक्य लिखिए।**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 19. विराम-चिह्न

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. बोलते या बात करते समय रुकने या किसी भाव को लिखित रूप में प्रकट करने वाले चिह्न विराम-चिह्न कहलाते हैं।
2. मुख्य विराम-चिह्न हैं– पूर्ण विराम, अर्धविराम, अल्पविराम, प्रश्नवाचक चिह्न, विस्मयसूचक चिह्न, योजक चिह्न, निर्देशक चिह्न, उद्धरण चिह्न तथा कोष्ठक चिह्न।
3. पूर्ण विराम वाक्य पूर्ण होने पर अंत में लगाया जाता है। जब वाक्य में थोड़ी देर रुकना होता है तब अल्पविराम का प्रयोग होता है तथा जब वाक्य में अल्पविराम से थोड़ा अधिक देर के लिए रुकना होता है तब अर्धविराम लगाया जाता है।
4. किसी बात या भाव को पूर्णतया स्पष्ट करने तथा बोलते समय बीच-बीच में रुकने का संकेत प्रकट करने के लिए भाषा के लिखित रूप में विराम-चिह्नों की आवश्यकता पड़ती है।

**(ख) दिए गए विराम-चिह्नों को पहचानकर वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए।**

| | चिह्न | नाम | वाक्य |
|---|---|---|---|
| 1. | , | अल्प विराम | उसे पकड़ो, छोड़ना मत। |
| 2. | ! | विस्मयवाचक | अरे! तुम कब आए? |
| 3. | ? | प्रश्नवाचक | मेरी पुस्तक कहाँ है? |
| 4. | - | योजक | वह दिन-रात पढ़ाई में लगा रहता है। |
| 5. | । | पूर्ण विराम | शोभा आज नहीं आएगी। |
| 6. | ; | अर्धविराम | जल्दी जाओ; ट्रेन छूट जाएगी। |
| 7. | – | निर्देशक | भाषा के दो रूप हैं– मौखिक और लिखित। |

**(ग) दिए गए वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए।**

1. क्या तुम मेरे घर आ सकते हो?
2. मुझे केला, आम, अमरूद सभी फल अच्छे लगते हैं।
3. मैंने रात-दिन पढ़कर सफलता पाई।
4. छि:! इतनी गंदगी।
5. तुम्हारे पिता का नाम क्या है?
6. अध्यापक ने कहा, "हमें गरीबों की सहायता करनी चाहिए।"

**(घ) वाक्यों में लगे गलत विराम-चिह्नों के स्थान पर सही चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

1. तुम कौन-सी कक्षा में पढ़ते हो?
2. चलो, रुको मत।
3. हाय! ये क्या हो गया?
4. सुरेश, राहुल, विनय कल आएँगे।
5. बीमारी की वजह से उसने खाना-पीना छोड़ दिया।
6. मुझे बहुत भूख लगी है।

**कुछ करने की बारी**

**( क ) दी गई कहानी में उचित स्थान पर विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए।**

किसी घर में रानी नाम की एक बिल्ली रहती थी। वह उस घर में रहने वाले चूहों को मौका मिलते ही पकड़कर खा जाती। बेचारे चूहे डर के मारे बिलों में छिपे रहते। एक दिन बिल्ली अपनी मालकिन के साथ कहीं बाहर गई। सभी चूहों ने मिलकर एक सभा बुलाई। चूहों के सरदार ने बिल्ली से बचने के उपाय सोचने को कहा।

एक दुबले-पतले चूहे ने कहा, "बिल्ली के गले में घंटी बाँध दी जाए। जब वह आएगी तो घंटी बज उठेगी और सभी चूहों को बचकर छिपने का मौका मिल जाएगा।" सभी को उसकी यह बात अच्छी लगी लेकिन प्रश्न यह था कि बिल्ली के गले में घंटी बाँधेगा कौन? उसी समय बिल्ली फिर लौट आई और चूहे घंटी छोड़कर अपने-अपने बिलों में छिप गए।

**( ख ) सड़क सुरक्षा के लिए निर्धारित चिह्नों का चित्र सहित एक चार्ट तैयार कीजिए।**

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 20. मुहावरे और लोकोक्तियाँ

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. वे वाक्यांश जो शाब्दिक अर्थ के बजाए विशेष अर्थ प्रकट करते हैं, मुहावरा कहलाते हैं।
2. मुहावरों की भाषा में सजीवता तथा रोचकता होती है जिसके कारण भाषा प्रभावशाली बन जाती है।
3. लोक में प्रचलित उक्ति या कथन लोकोक्ति कहलाते हैं। लोकोक्ति विशेष अर्थ में प्रयोग की जाती है।
4. मुहावरों का स्वरूप काल, वचन और पुरुष के अनुसार परिवर्तित हो जाता है जबकि लोकोक्ति के रूप में कोई बदलाव नहीं आता। मुहावरे स्वतंत्र रूप में प्रयोग नहीं होते। इन्हें वाक्य के साथ प्रयोग किया जाता है जबकि लोकोक्ति का प्रयोग स्वतंत्र रूप में होता है।

**(ख) दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

1. अंग-अंग ढीला होना — बहुत थकावट महसूस करना
2. अक्ल का दुश्मन — मूर्ख व्यक्ति
3. अंधे की लकड़ी — एकमात्र सहारा
4. आँख फेर लेना — बदल जाना
5. कमर कसना — तैयार रहना

वाक्य प्रयोग छात्र स्वयं करेंगे।

**(ग) दिए गए मुहावरों का सही अर्थ चुनिए।**

1. पानी-पानी होना (क) लज्जित होना ✓
2. अक्ल चकराना (ख) कुछ समझ में न आना ✓
3. ज़मीन-आसमान का अंतर (ख) बहुत अंतर होना ✓
4. अंग-अंग मुसकाना (ग) खुश होना ✓
5. आग उगलना (ग) कटु बोलना ✓

**(घ) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों से कीजिए।**

1. बच्चे के गलत व्यवहार से माता-पिता की **नाक कट** गई।
2. सामने मिठाई देखकर मेरे **मुँह में पानी भर आया**।
3. परिश्रमी व्यक्ति चाहे तो **आसमान के तारे तोड़ सकता** है।
4. चोर पुलिस को देखकर **नौ-दो ग्यारह हो** गया।
5. मुझमें और राहुल में **ज़मीन-आसमान का अंतर** है।

**(ङ) दी गई लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

1. आम के आम गुठलियों के दाम — दोगुना लाभ
2. अपनी-अपनी डफली अपना-अपना राग — भिन्न-भिन्न मत होना
3. दूर के ढोल सुहावने — दूर से सब अच्छा लगता है
4. तेते पाँव पसारिए जेती लाँबी सौर — क्षमता के अनुसार खर्च करना
5. छोटा मुँह बड़ी बात — योग्यता से बढ़कर बात करना

6. आ बैल मुझे मार — जान-बूझकर मुसीबत मोल लेना

7. एक पंथ दो काज — एक काम से दोहरा लाभ

वाक्य प्रयोग छात्र स्वयं करेंगे।

**कुछ करने की बारी**

**तीन वर्गों में कुछ शब्द दिए गए हैं। प्रत्येक वर्ग से शब्द लेकर मुहावरे बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| अक्ल का दुश्मन | खून का प्यासा | गले का हार |
| ईद का चाँद | आँखों का तारा | कोल्हू का बैल |

# 27. अपठित बोध

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** 1. वर्तमान युग को विज्ञापन का युग कहकर संबोधित करने पर अतिशयोक्ति नहीं होगी।
2. विज्ञापन के प्रमुख साधन हैं– रेडियो, टेलीविज़न तथा इंटरनेट।
3. विज्ञापन का मूल उद्देश्य उत्पादक और उपभोक्ता के बीच संपर्क स्थापित करना है।
4. विज्ञापन से विज्ञापन कर्ता की बिक्री बढ़ती है। लोग वस्तु के गुण देखकर उसे खरीदते हैं और वह लाभ प्राप्त करता है।
5. उचित शीर्षक – विज्ञापनों की दुनिया।

**2.** 1. भारत में नदियों को अत्यंत पवित्र माना जाता है।
2. गंगाजल के विषय में मान्यता थी कि यह वर्षों तक बोतलों-डिब्बों में बंद रहने पर भी खराब नहीं होता था।
3. कल-कारखानों का कूड़ा-कचरा तथा रसायन नदियों में मिलना जल प्रदूषण का कारण है।
4. जल प्रदूषित होने से जलीय जीव मर रहे हैं। दूषित पानी पीने के कारण लोगों की तबीयत भी खराब होने लगती है।
5. लेखक द्वारा लोगों को धन्य कहना एक व्यंग्य है उन लोगों पर जो अंधविश्वास के कारण दूषित पानी में भी डुबकी लगाते हैं।

**3.** 1. ठंड के कारण बंटू बंदर इधर-उधर दुबकता फिर रहा था।
2. चमकते जुगनू को देखकर बंटू ने उसे अंगारा समझा और उससे आग जलाने के बारे में सोचा।
3. जुगनू को अंगारा समझकर उससे आग जलाने का प्रयास करते बंटू को देखकर चिंकी हँसते-हँसते लोट-पोट हो रही थी।
4. बंटू चिंकी की बात पर ध्यान न देकर जुगनू को अंगारा समझकर आग जलाने का प्रयास करता रहा।
5. उचित शीर्षक – मूर्ख बंदर।

**4.** 1. राज्य के ऊपर क्या विपत्ति आन पड़ी थी? (घ) अकाल की स्थिति पैदा हो गई थी। ✓
2. सभी लोग किसके अभाव में तड़प-तड़पकर मर रहे थे? (घ) जल और अन्न के अभाव में ✓
3. अनेक वर्षों तक अकाल की स्थिति बने रहने पर क्या हुआ? (ग) अनीति और अत्याचार फैलने लगा। ✓
4. राज्य की स्थिति देखकर क्या मान लिया गया? (घ) राज्य पर दैवीय प्रकोप है। ✓
5. 'अकाल' शब्द में आए उपसर्ग तथा मूल शब्द को अलग कीजिए। (क) अ + काल ✓

**5.** 1. राजा भोज की क्या विशेषता थी? (क) वह पंडितों और विद्वानों की कद्र करता था। ✓
2. पिता के देहांत के बाद भोज राज्य का काम सँभालने के योग्य क्यों नहीं था? (ग) उसकी उम्र मात्र सात वर्ष थी। ✓
3. भोज के पिता के मरने पर किसने राज्य सँभाला? (ग) उसके चाचा मनुज ने ✓
4. मनुज का मंत्री कैसा आदमी था? (क) वह नेक और सच्चा था। ✓
5. दिए गए विकल्पों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा छाँटिए। (ग) उज्जैन ✓

**(ख) निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** 1. कोमल हरी-हरी घास से सजा हुआ धरती का वेश।

2. नदी को निर्मल तथा हवा को संशुद्ध एवं चंचल।

3. अपने देश का परिवेश निर्मल-शांत होना चाहिए।

4. धरती का आँचल धन-धान्य से भरा रहे।

5. 'निर्धन' का विपरीत है 'धनी'।

**2.** 1. बच्चे ज्ञान दीप जलाना चाहते हैं।

2. सर्वशक्तिमान ईश्वर से।

3. प्रगति के पथ पर बढ़ने की माँग कर रहे हैं।

4. बुराइयों की दासता से मुक्ति प्राप्त करनी चाहिए।

5. उचित शीर्षक – हम होंगे कामयाब।

**3.** 1. बीज के अंतर में क्या सोया था? (ग) नन्हा पौधा ✓

2. नन्हे पौधे को किस प्रकार जगाया गया? (क) मंद पवन ने जगाया ✓

3. सूरज ने पौधे से क्या कहा? (क) निद्रा दूर भगाने को ✓

4. पौधे ने क्या किया? (घ) आलस्य त्यागकर बाहर आ गया। ✓

5. 'गहरा' शब्द का विपरीत शब्द बताइए। (ग) उथला ✓

**4.** 1. हमारे देश में माँ और पिता जी के जैसी कौन-सी विशेषताएँ हैं?
(क) माँ के जैसा मीठा और पिता जी जैसा गौरववान ✓

2. देश का प्रेम कैसा है? (ग) साथियों के जैसा सच्चा ✓

3. सभी को इसका वेश कैसा लगता है? (क) हँसमुख और सुंदर ✓

4. इसको किसके जैसा बताया है? (ग) दैनिक अखबार के जैसा नया ✓

5. इस काव्यांश का उचित शीर्षक चुनिए– (क) देश हमारा ✓